मसूदा, रावतभाटा तथा नावां में खोले जाएंगे नर्सिंग महाविद्यालय

चर्चा में क्यों?

5 मई, 2023 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अजमेर के मसूदा, चित्तौड़गढ़ के रावतभाटा तथा नागौर के नावां में नवीन राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय खोलेने की मंजूरी दी है।

प्रमुख बिंदु

- इन नवीन महाविद्यालयों के संचालन के लिये 17.70 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रावधान की भी मंजूरी दी गई है।
- इसके साथ ही, प्रत्येक महाविद्यालय के लिये 24 नवीन पदों के सृजन को भी मंजूरी दी गई है। इन पदों में, प्रत्येक महाविद्यालय में प्राचार्य, उप-प्राचार्य, प्रोफेसर का एक-एक पद, एसोसिएट प्रोफेसर के 2 पद, सहायक प्रोफेसर के 3 पद, ट्यूटर के 8 पद, एक्सीक्यूटिव असिस्टेंट के 7 पद, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष का एक पद शामिल हैं।
- प्रत्येक महाविद्यालय के लिये मल्टी टास्किंग स्टाफ के 10 पदों पर एजेंसी के माध्यम से तथा सिक्योरिटी गार्ड के 10 पदों पर राजस्थान एक्स-सर्विसमैन कॉर्पोरेशन लि. (रेक्सको) के माध्यम से सेवाएँ ली जाएंगी।
- उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2023-24 के बजट में नवीन राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय खोले जाने की घोषणा की गई थी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/nursing-colleges-will-be-opened-in-masuda,-rawatbhata-and-nawan